भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-165

उत्तर देने की तारीख-04/12/2023

नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना

†165. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:
श्री पी.वी. मिथुन रेड्डी:
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:
श्री संजय काका पाटील:
श्री एन. रेड़डप्प:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) स्थापित करने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो ये नए केन्द्रीय विद्यालय किन-किन क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे और इनकी स्थापना के लिए स्थानों के चयन के क्या मानदंड हैं;
(ग) आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में कितने केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने का प्रस्ताव हैं; और
(घ) उद्घाटन के बाद इन केन्द्रीय विद्यालयों के कार्यशील होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ): वर्तमान में, पूरे देश में 1252 केंद्रीय विद्यालय (केवि) कार्यात्मक हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश राज्य में 35 केवि और महाराष्ट्र राज्य में 59 केवि शामिल हैं। नये केंद्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय मुख्य रूप से पूरे देश में शिक्षा का एक सामान्य कार्यक्रम प्रदान करते हुए रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएसएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार नए केवि की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

****